सेंट मारग्रेट सी०सै० स्कूल

(प्रतिदर्श प्रश्नपत्र)

अर्धवार्षिक परीक्षा - (2024 -2025)

समय : 3 घंटे कक्षा – आठवीं हिन्दी अंक– 60

(खंड क)

प्र०.1 अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 1x6= 6

(अपठित गद्यांश)

बड़ी चीजें संकटों में विकास पाती हैं, बड़ी हस्तियाँ बड़ी मुसीबतों में पलकर दुनिया पर कब्जा करती हैं। अकबर ने तेरह साल की उम्र में अपने पिता के दुश्मन को परास्त कर दिया था, जिसका एकमात्र कारण यह था कि अकबर का जन्म रेगिस्तान में हुआ था और वह भी उस समय, जब उसके पिता के पास एक कस्तूरी को छोड़कर और कोई दौलत नहीं थी। महाभारत में देश के प्रायः अधिकांश वीर कौरवों के पक्ष में थे, मगर फिर भी जीत पांडवों की हुई, क्योंकि उन्होंने लाक्षागृह की मुसीबत झेली थी, क्योंकि उन्होंने वनवास के जोखिम को पार किया था। विंस्टन चर्चिल ने कहा है कि जिंदगी की सबसे बड़ी सिफ़त हिम्मत है। आदमी के और सारे गुण उसके हिम्मती होने से पैदा होते हैं। जिंदगी की दो ही सूरतें हैं। एक तो आदमी बड़े-से-बड़े मकसद के लिए कोशिश करे, जगमगाती हुई जीत पर पंजा डालने के लिए हाथ बढ़ाए और अगर असफलताएँ कदम-कदम पर जोश की रोशनी के साथ अँधियाली या जाल बुन रही हों, तब भी वह पीछे को पाँव न हटाए-दूसरी सूरत यह है कि उन गरीब आत्माओं का हमजोली बन जाए, जो न तो बहुत अधिक सुख पाती हैं और न जिन्हें बहुत अधिक दुख पाने का ही संयोग है, क्योंकि वे आत्माएँ ऐसी गोधूलि में बसती हैं, जहाँ न तो जीत हँसती है और न कभी हार के रोने की आवाज़ सुनाई देती है|

1.अकबर का जन्म कहाँ हुआ था ? 1

1 रेगिस्तान 2 दिल्ली 3 जंगल 4 हिमालय

2 पांडवों ने कौन सी मुसीबते झेली थी? 1

1 जंगल 2 लाक्षागृह 3 वर्षा 4 तूफान

3 बड़ी चीजें कहाँ विकास पाती हैं 1

1 घर 2 संकटों 3 महल 4

4 .विंस्टन चर्चिल ने जिंदगी के विषय में क्या कहा है ? 1

5 .जिंदगी की कौनसी दो सूरते हैं संक्षेप में लिखिए | 2

(खंड ख - व्याकरण)

प्र०.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर व्याकरण के आधार पर लिखिए : 1x10=10

(क) संज्ञा शब्द रेखांकित कर भेद नाम लिखिए - हिमालय पर्वत की सुन्दरता देखते ही बनती है |

(ख) रेखांकित कारक का भेद बताइए - अरे बच्चों ! अपना काम पूरा कर लो |

(ग) सर्वनाम शब्द रेखांकित कर भेद लिखिए : जैसी करनी वैसी भरनी |

(घ) 'ता' प्रत्यय युक्त दो शब्द लिखिए|

(ङ) मूल शब्द व उपसर्ग अलग कीजिए - निर्मोही

(च) अनेक शब्दों हेतु एक शब्द लिखिए - जो भुलाया न जा सके

(छ) 'अपव्यय' शब्द हेतु सही विलोम शब्द चुनिए :
1 मितव्यय 2 अतिव्यय 3 सुव्यय 4 व्यय

(ज) 'कवि'शब्द हेतु सही बहुवचन शब्द चुनिए :
1 कवयित्री 2 कवयत्री 3 कवियत्री 4 कविता

(झ) लिंग बताइए - मछली

(खंड ग - साहित्य)

प्र०3 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं!
अभी भी दबा है चिड़ियाँ की
चोंच में तिनका
और वह उड़ने की तैयारी में है!
अभी भी झरती हुई पत्ती
थामने को बैठा है हाथ एक
अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है
गंतव्य तक

क काव्यांश की कवयित्री का नाम लिखिए | 1

ख झरती हुई पत्ती थामने को बैठा है हाथ एक' से क्या अभिप्राय है? 2

ग रेलगाड़ी कहाँ तक जाती है ?
1 गंतव्य 2 घर 3 बाजार 4 पहाड़ 1

घ 'कठिन' शब्द का अर्थ चुनिए |
1 आजाद 2 प्रयत्न 3 मुश्किल 4 कठोर 1

प्र०4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

इस जिले में साइकिल की धूम मची हुई है। इसकी प्रशंसकों में हैं महिला खेतिहर मजदूर, पत्थर खदानों में मजदूरी करनेवाली औरतें और गाँवों में काम करनेवाली नर्से । बालवाड़ी और आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, बेशकीमती पत्थरों को तराशने में लगी औरतें और स्कूल की अध्यापिकाएँ

भी साइकिल का जमकर इस्तेमाल कर रही हैं। ग्राम सेविकाएँ और दोपहर का भोजन पहुँचानेवाली औरतें भी पीछे नहीं हैं। सबसे बड़ी संख्या उन लोगों की है जो अभी नवसाक्षर हुई हैं। जिस किसी नवसाक्षर अथवा नयी-नयी साइकिल चलानेवाली महिल से मैंने बातचीत की, उसने साइकिल चलाने और अपनी व्यक्तिगत आजादी के बीच एक सीधा संबंध बताया।

1.प्रस्तुत पक्तियां किस पाठ में से ली गई हैं ? 1

1 सवारी 2 साइकिल की सवारी 3 जहाँ पहिया है 4 महिलाएँ

2. स्कूल की अध्यापिकाएँ भी -------- जमकर इस्तेमाल कर रही हैं। 1

1 साइकिल 2 पुस्तकों 3 स्मार्ट बोर्ड 4 चित्र

3.'नवसाक्षर' शब्द का अर्थ लिखिए | 1

1 नए सीखने वाले 2 जवान 3 बच्चे 4 लडके

4 साइकिल चलाने और महिलाओं की व्यक्तिगत आजादी के बीच सीधा संबंध कैसे था ? 2

प्र० 5 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उतर लिखिए |

1.'यह सबसे कठिन समय नहीं है' यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए। 2

2.भगवान के डाकिए किसे और क्यों कहा गया है? 2

3. चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है ? वह तिनकों का क्या करती होगी? 2

4.आपके विचार से लेखक ने इस पाठ का नाम 'जहाँ पहिया है' क्यों रखा होगा?? 2

प्र०6 निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उतर लिखिए |

1. "मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा।" लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई? 3

2. शुरूआत में पुरुषों ने इस आंदोलन का विरोध किया परंतु आर. साइकिल्स के मालिक ने इसका समर्थन किया, क्यों? 3

(खंड घ - लेखन)

प्र०7. किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए | 5

1 मेरी दिल्ली 2 समय सफलता का मंत्र

प्र०8. आपके क्षेत्र में वर्षा के पश्चात हुए जल भराव की सूचना देते हुए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए | 5

अथवा

मित्र को अपने साथ दीवाली मनाने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए |

प्र०9. क्रिकेट मैच देखते हुए दो मित्रों के मध्य हुई बातचीत को संवाद के रूप में 80-100 शब्दों में लिखिए| 5

प्र०10. निम्नांकित चित्र का वर्णन 80 -100 शब्दों में कीजिए | 5